कोलकाता
रविवार, 26 फरवरी, 2023
फाल्गुन कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रमी संवत-2079
वर्ष 29 | अंक 100 | पृष्ठः 8
मूल्य: तीन रुपए

RNI NO.-53267/94

# आर्थिक धारा



अपनो से करते हो प्यार, तो
मास्क को मत करो इनकार



*नया तेवर, नया नजरिया*

www.aarthikdhara.com

2 बंगाल : सरकारी बाबुओं को ममता सरकार......

7 बॉडी शेमर्स करने वालों को सेलेना गोमेज..........

## आसनसोल के दिल्ली पब्लिक स्कूल में लगी प्रदर्शनी



आसनसोल।

दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में शनिवार को विज्ञान, सामाजिक विषय, कंप्यूटर, गणित व कला प्रदर्शनी में विभिन्न मॉडल्स प्रदर्शित कर छात्रों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हम हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में कल्पनाशीलता तथा वैज्ञानिक सोच का विकास होता है। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा नवम के छात्र देवदीप सांधाई द्वारा निर्मित वर्किंग पीरियोडिक टेबल का मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा जिसकी विद्यालय के प्राचार्य व अन्य आगंतुकों ने विशेष सराहना की।